इंटर मेडिकल कॉलेज एथलेटिक्स

इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मे जे. एन. एम. चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। पं दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 6 से 7 अक्टूबर तक आर. आई. टी. कॉलेज ऑफ रायपुर के द्वारा किया गया। जिसमें पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के खिलाडियों ने रनिंग, थ्रोइंग, जंपिंग सभी इवेंट में अपना परचम लहराया जेवलीन थ्रो मोतीलाल ने गोल्ड मेडल, लांग जम्प में विशाल कुजुर गोल्ड मेडल, 4x100 मी. रिले रेस अंकित साहू, राकेश यदु, शेर सिंह, मोतीलाल सिल्वर मेडल, अंजलि मिश्रा 100 मी., 200 मी., 1500 मी. तीनो इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया ।